HWDSB

We all count.
HWDSB Student Census 2021

प्रिय परिवारो,

हैमिल्टन-वेंटवर्थ डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड (HWDSB) में, हम बाधाओं को पहचानने और हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि हम सभी छात्रों के लिए समर्थक, समावेशी और सम्मान पूर्ण वातावरण पेश कर सकें।

अपने छात्रों के बारे में अधिक जानने के लिए, हम एक स्वैच्छिक और गोपनीय जनगणना करेंगे। अप्रैल 2021 में, *We All Count: HWDSB Student Census 2021* को खोला गया और उस में प्रणालीगत बाधाओं की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने के लिए छात्र की पहचानों (जाति, लिंग, आदि) के बारे में प्रश्न पूछे गए। महामारी और कम प्रतिक्रिया दर के कारण, हम सभी छात्रों को जनगणना पूरा करने का अवसर प्रदान करने के लिए छात्र जनगणना फिर से खोल रहे हैं। यह 29 नवंबर, 2021 से 16 दिसंबर, 2021 तक होगा।

अनेक स्कूल बोर्डों ने छात्र जनगणना आयोजित की है। वास्तव में, ऐन्टी-रेसिज़म ऐक्ट , 2017 और ऑंटैरियो की शिक्षा इक्विटी कार्य योजना में स्कूल बोर्डों के लिए इस डेटा को इकट्ठा करने और रिपोर्ट करने की आवश्यकता है। यह HWDSB की इक्विटी कार्य योजना में भी एक प्राथमिकता वाली परियोजना है।

हम जानते हैं कि किसी व्यक्ति की पहचान के बारे में पूछना असहज हो सकता है, और हम संवेदनशीलता के साथ ऐसा करेंगे। हमने छात्रों, परिवारों, कर्मचारियों और समुदाय के सदस्यों से परामर्श किया ताकि यह जनगणना HWDSB को इक्विटी, छात्र उपलब्धि और कल्याण का समर्थन करने के लिए साक्ष्य-सूचित निर्णय लेने में मदद करे।

## यह कैसे होगा?

**किंडरगार्टन से ग्रेड 4 के छात्र:** पेरेंट पोर्टल में एक फॉर्म शामिल किया जाएगा। माता-पिता और अभिभावक पोर्टल पर जा सकते हैं, फॉर्म खोल सकते हैं और इस स्थान पर छात्र जनगणना को पूरा कर सकते हैं। आपके बच्चे के शिक्षक से अनुरोध पर प्रिंट प्रतियां उपलब्ध हैं। कृपया प्रति छात्र केवल एक जनगणना फॉर्म भरें (ऑनलाइन या प्रिंट)।

**ग्रेड 5 से 12 - इन-पर्सन और रिमोट शिक्षार्थी:** हम, एक बार फिर, कक्षा 5 से 12 तक के छात्रों को एक सुरक्षित लिंक ईमेल करेंगे, ताकि वे शिक्षक सहायता के साथ, कक्षा के समय के दौरान जनगणना फॉर्म

को ऑनलाइन पूरा कर सकें। जिन छात्रों के माता-पिता/अभिभावकों ने पहले अनुरोध किया था कि वे जनगणना में भाग नहीं लें, उन्हें ईमेल प्राप्त नहीं होगा।

## यह क्या पूछता है?

छात्र की उम्र के आधार पर, जनगणना के प्रश्न छात्र की भाषा, इन्डिजनस पहचान, जातीयता, नस्ल, धर्म, लिंग संबंधी पहचान, यौन अभिविन्यास, (अ)क्षमताओं, जन्म स्थान और नागरिकता/इमीग्रेशन स्थिति के बारे में पूछ सकते हैं।

## HWDSB छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा कैसे करेगा?

छात्रों और परिवारों के बारे में जानकारी एकत्र करते समय HWDSB निजता और गोपनीयता के उच्चतम स्तरों के लिए प्रतिबद्ध है। छात्र जनगणना डेटा ऐन्टी-रेसिज़म ऐक्ट, 2017, S.O 2017, c. 15, एजुकेशन ऐक्ट, R.S.O. 1990, c. E.2, के अधिकार के तहत एकत्र किया जाता है और म्युनिसिपल फ्रीडम अव इन्फर्मेशन ऐन्ड प्रटेक्शन अव प्राइवेसी ऐक्ट R.S.O 1990, c. M.56. का अनुपालन करता है।

छात्र जनगणना गोपनीय है, लेकिन यह गुमनाम नहीं है। व्यक्तिगत छात्र प्रतिक्रियाओं को विश्लेषण के लिए एक साथ समूहीकृत किया जाएगा ताकि कोई भी व्यक्तिगत छात्र जानकारी कभी भी पहचान योग्य न हो। एकत्रित प्रतिक्रियाओं को एक सुरक्षित, गोपनीय डेटाबेस में संग्रहीत किया जाएगा और केवल अधिकृत HWDSB अनुसंधान और विश्लेषिकी कर्मचारियों द्वारा ही HWDSB छात्रों के बीच रुझानों की पहचान करने और उन्हें सारांशित करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

## क्या यह अनिवार्य है?

जनगणना पूरी करना स्वैच्छिक है। परन्तु , हम छात्रों से भाग लेने के लिए कहते हैं ताकि हमें अपनी छात्र आबादी की सटीक तस्वीर मिल सके। एक उच्च प्रतिक्रिया दर हमें अपने कार्यक्रमों और संसाधनों के माध्यम से बाधाओं की पहचान करने, रणनीति बनाने और छात्रों की उपलब्धि और कल्याण के लिए बाधाओं को दूर करने में मदद करेगी। जिन छात्रों ने पहले ही ऑप्ट आउट कर दिया है, उन्हें फिर से खुलने पर एक सर्वेक्षण लिंक प्राप्त नहीं होगा। जो परिवार नहीं चाहते कि उनका बच्चा भाग ले और पहले ऑप्ट आउट नहीं किया है, वे research@hwdsb.on.ca पर ईमेल कर सकते हैं।

## प्रशन?

हम जनगणना की तैयारी करते हुए प्रश्नों को आमंत्रित कर रहे हैं और उनका उत्तर दे रहे हैं। कृपया हमारी वेबसाइट www.hwdsb.on.ca/weallcount पर अधिक जानें, जहां आपको जनगणना के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) मिलेंगे। आप हमारी छात्र जनगणना टीम से census@hwdsb.on.ca पर संपर्क भी कर सकते हैं।

HWDSB को जिम्मेदार तरीके से डेटा एकत्र करने में मदद करने के लिए धन्यवाद, ताकि हम शिक्षा प्रणाली में अधिक न्यायसंगत परिणाम बना सकें।

भवदीय,

मैनी फिगुएरेडो (Manny Figueiredo)
शिक्षा निदेशक (Director of Education)

पॉल डेनोमे (Paul Denomme)
छात्र उपलब्धि, इक्विटी और छात्र जुड़ाव अधीक्षक
Superintendent of Student Achievement,
Equity and Student Engagement